# बापू टावर समिति

## भवन निर्माण विभाग

## गर्दनीबाग, खगौल रोड, पटना– 800001

### कोटेशन आमंत्रण सूचना

भवन निर्माण विभाग, बिहार के अंतर्गत बापू टावर समिति, गर्दनीबाग, पटना द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा अनुमोदित सूची में सूचीबद्ध सी०ए० फर्म्स/संस्थाओं से समिति के वित्तीय वर्ष 2024–25 का अंकेक्षण (Audit) करने हेतु सीलबंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन सभी करों सहित होना अनिवार्य है।

इच्छुक प्रतिष्ठान गर्दनीबाग, खगोल रोड, पटना स्थित बापू टावर समिति के कार्यालय में दिनांक–04.06.2025 से 18.06.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक कोटेशन समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशनों को दिनांक–18.06.2025 को अपराह्न 04:00 बजे खोला जायेगा।

**आवश्यक अर्हताः–**

1. सी0ए0 फर्म/संस्था को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा अनुमोदित सूची में सूचीबद्ध होना अनिवार्य है।
2. फर्म/संस्था न्यूनतम 05 (पांच) वर्षों से ICAI में निबंधित होना चाहिए।
3. फर्म/संस्था का आयकर रिटर्न, पैन कार्ड तथा जी0एस0टी0 का निबंधन होना अनिवार्य है।
4. फर्म/संस्था को बिहार सरकार के विभाग/बोर्ड/निगम/सोसाईटी में अंकेक्षण का कम–से–कम 03 (तीन) वर्षो का अनुभव होना चाहिए।
5. फर्म/संस्था न्यायालय, किसी नियामक प्राधिकरण या राज्य/केन्द्र सरकार के द्वारा न तो कदाचार का दोषी ठहराए गए हों और न ही काली सूचीबद्ध किए गए हों। इससे संबंधित स्वअभिप्रमाणित घोषणा पत्र संलग्न होना चाहिए।

**सामान्य निर्देशः–**

1. तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव पृथक–पृथक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर यथास्थिति 'तकनीकी प्रस्ताव' एवं 'वित्तीय प्रस्ताव' अंकित करना होगा। दोनों लिफाफों को एक बाहरी लिफाफे में सीलबंद जमा करना होगा, जिस पर स्पष्ट रूप से निदेशक, बापू टावर, गर्दनीबाग, पटना अंकित होना चाहिए।
2. तकनीकी प्रस्ताव के साथ आवश्यक अर्हता संबंधी सभी दस्तावेजों/अभिलेखों की फर्म/संस्था के अधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा सत्यापित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
3. फर्म्स/संस्थाओं द्वारा निर्धारित अर्हता धारण किया जाना सुनिश्चित किए जाने हेतु तकनीकी मूल्यांकन हेतु प्राप्त तकनीकी प्रस्ताव खोले जाएंगे। तत्पश्चात् मात्र तकनीकी मूल्यांकन में सफल फर्म्स/संस्थाओं के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे।
4. वित्तीय प्रस्ताव खोलकर प्रस्तावित दरों की तुलनात्मक विवरणी तैयार की जाएगी। न्यूनतम दर प्रस्तावित करने वाले फर्म/संस्था को कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।

23/5/2025

(विनय कुमार)
निदेशक,
बापू टावर, गर्दनीबाग, पटना।